ट्राइबल इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने को आईआईएम व एनएसडीसी के बीच एमओयू

रांची| आदिवासी समुदायों में सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईआईएम रांची और नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के बीच एमओयू हुआ। इसके तहत एनएसडीसी के स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम में नॉलेज पार्टनर बनेंगे। एनएसडीसी की ओर से संस्थान के छात्रों के लिए सोशल इंटर्नशिप में सहयोग किया जाएगा। इसके साथ ही आईआईएम रांची के छात्र व फैकल्टी विभिन्न प्रोजेक्ट के माध्यम से झारखंड में आदिवासी उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करेंगे। इसमें आईआईएम रांची, एनएसडीसी और विकास भारती साथ मिलकर ट्राइबल स्किल डेवलपमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने पर काम करेंगे। इस दौरान सेक्रेटरी एमएसडीई अतुल कुमार तिवारी, आईआईएम रांची के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

Dainik Bhaskar_03.08.2023_Pg. 03